

पूरी टीम को गेंद से छेड़छाड़ की योजना की जानकारी होने का दावा 100 प्रतिशत गलत है। उन्होंने ख्वाजा के आरोपों को पूरी तरह बकवास करार दिया। - पैट कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, उस्मान ख्वाजा के दावों को खारिज करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

आकाश चोपड़ा



पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने रिंकू सिंह को टीम की कप्तानी सौंपने की सलाह दी है। उनका मानना है कि यदि नीलामी में कोई उपयुक्त विकल्प नहीं मिलता है, तो विदेशी खिलाड़ी की बजाय रिंकू को कप्तान बनाया जाना चाहिए। रिंकू को कप्तान बना दीजिए। आपने उन्हें उपकप्तान बनाया था, है ना? तो अब उन्हें कप्तान बना दीजिए। वह यूपी टी20 लीग में अपनी टीम की कप्तानी करते हैं। कभी-कभी आपको खिलाड़ियों को बड़ी जिम्मेदारी देकर गहरे पानी में उतारना पड़ता है और देखना होता है कि वे कैसा प्रदर्शन करते हैं।

क्या आप जानते हैं ?... भारत ने घरेलू मैदान पर लगातार 15 टेस्ट सीरीज जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।

आज खेला जाएगा अंडर-19 एशिया कप 2026 का फाइनल

नई दिल्ली, 13 नवंबर। भारत को अगर नौवीं बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीतना है तो उसे मौजूदा चैंपियन पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को अल अमीरात में होने वाले फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, जिसमें टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर आर्यवीर सहवाग और ईशान सूद जैसे खिलाड़ियों की भूमिका अहम होगी। पिछले साल पाकिस्तान ने भारत को 151 रन से हराकर अपना दूसरा खिताब जीता था। भारतीय टीम की निगाह उस हार का बदला चुकता करने और इस बार के लीग फेज में मिली हार का बदला लेने के साथ-साथ नौवीं बार ट्रॉफी जीतकर अपने रिकॉर्ड को और बेहतर करने पर होगी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने अब तक चार मैचों में 101 के औसत से 303 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। वह अब तक टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। हालांकि, रायचंदानी और राजपूत ने एक-एक अच्छी पारी खेली है। राजपूत ने जहां ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाया था। वहीं, रायचंदानी ने अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 93 रन की शानदार पारी खेली थी। इस मैच में विनीत ने भी अर्धशतक बनाया था। जहां तक भारतीय गेंदबाजी का सवाल है तो अभी तक सूद ने ही अधिकांश जिम्मेदारी संभाली है। सूद को स्पिनरों राजपूत और मनल चौहान से और अधिक सहयोग की जरूरत होगी। इन दोनों ने अभी तक पांच-पांच विकेट लिए हैं, लेकिन उनमें से तीन विकेट एक ही मैच में आए हैं।

हरमनप्रीत कौर के वैक्स स्टैच्यू का अनावरण, अब नाहरगढ़ के हिस्टोरिका में होगा स्थापित



जयपुर, 13 नवंबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान और स्टार क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर के वैक्स स्टैच्यू का शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भव्य अनावरण किया गया। हरमनप्रीत ने स्वयं अपने वैक्स स्टैच्यू से पर्दा हटाया। इसके साथ ही वह दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं, जिनका वैक्स स्टैच्यू तैयार किया गया है। यह प्रतिमा अब नाहरगढ़ किले स्थित हिस्टोरिका-स्टेप इनटू हिस्ट्री (पूर्व में जयपुर वैक्स म्यूजियम) में स्थायी रूप से प्रदर्शित की जाएगी। अनावरण समारोह में जयपुर के नन्हे और युवा क्रिकेटरों ने बल्ले उठाकर हरमनप्रीत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से बातचीत की, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और मेहनत के साथ अपने सपनों को पूरा करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में हरमनप्रीत के जीवन पर आधारित एक विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इसमें पंजाब के मोगा शहर से भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी तक के उनके संघर्ष और उपलब्धियों को दर्शाया गया। साथ ही वर्ष 2025 में उनकी कप्तानी में भारतीय टीम के पहला महिला वनडे विश्व कप खिताब जीतने के ऐतिहासिक सफर को भी दिखाया गया। इसी उपलब्धि और उनके योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से यह वैक्स स्टैच्यू तैयार किया गया है।

बॉल बैडमिंटन : जयपुर की बालिका टीम सेमीफाइनल में, बालक टीम क्वार्टर फाइनल में

जयपुर, 13 नवंबर। 8वीं जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में दूसरे दिन जयपुर की बालिका टीम ने श्रीगंगानगर को 35-17, 35-18 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बालिका वर्ग में जयपुर के अलावा चूरू, टोंक और हनुमानगढ़ की टीमें भी सेमीफाइनल में पहुंचीं। चूरू ने झुंझुनूं को, हनुमानगढ़ ने बीकानेर को और टोंक ने ब्यावर को हराया। वहीं बालक वर्ग में जयपुर की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। क्वार्टर फाइनल में जयपुर का मुकाबला ब्यावर से होगा। अन्य मुकाबलों में श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़, टोंक-जोधपुर और चूरू-करौली आमने-सामने होंगे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालिका वर्ग के सेमीफाइनल व फाइनल तथा बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

अखिल भारतीय अंतर विवि. क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप में राजस्थान विवि. को स्वर्ण पदक



जयपुर, 13 नवंबर। कर्नाटक के मंगलौर विश्वविद्यालय में 7 नवंबर को आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय क्रॉस कंट्री (पुरुष) चैंपियनशिप में राजस्थान विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर कुलगुरु प्रो. भागवती प्रसाद सारस्वत ने विजेता खिलाड़ियों और टीम को अपने आवास पर सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर खेल मंडल सचिव डॉ. प्रतिमा सिंह रतन ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि आगामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भी राजस्थान विश्वविद्यालय के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करेंगे। टीम के प्रशिक्षक श्री विष्णु मीणा व सुश्री नेहा मीणा तथा श्री निशु पारिक रहे। टीम के कप्तान राजेश मानिया थे। टीम में राजेश गुर्जर, पवन कुमार, सत्ययम, अभिषेक और निखिल प्रजापत शामिल रहे।

चौथे वनडे में भारत की शर्मनाक हार, न्यूजीलैंड ने 244 रन से रौंदा

// 89 रन पर सिमटी भारतीय टीम, यंग का शतक, मैट हेनरी ने झटके 6 विकेट //





पांच मैचों की सीरीज में भारत 2-1 से आगे

माउंट माउंगानुई, 13 नवंबर। न्यूजीलैंड ने चौथे वनडे मुकाबले में शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम को 244 रन से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की सीरीज में वापसी की। हालांकि इस शर्मनाक हार के बावजूद भारत सीरीज में 2-1 से आगे है। तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। अब दोनों टीमों के बीच आखिरी मैच 15 नवंबर को खेला जाएगा। बे ओवल मैदान पर 334 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 26.4 ओवर में महज 89 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने घातक गेंदबाजी करते हुए छह विकेट झटके और भारतीय बल्लेबाजी क्रम को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। विल यंग के शानदार शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 333 रन बनाए थे।

रनों के लिहाज से भारत को वनडे में मिली दूसरी सबसे बड़ी हार

रनों के अंतर से यह वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार है। इससे पहले भारतीय टीम को 29 अक्टूबर 2000 को शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ 245 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उस मुकाबले में श्रीलंका ने सनथ जयसूर्या के 189 रन की बदौलत 299 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारतीय टीम 26.3 ओवर में महज 54 रन पर ढेर हो गई थी। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ 244 रन की हार इस सूची में दूसरे स्थान पर आ गई है।

पहले ओवर में ही तीन बड़े झटके

334 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने पहले ही ओवर में भारतीय बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उन्होंने पहली गेंद पर रोहित शर्मा को पवेलियन भेजा। इसके बाद विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर भी खाता खोले बिना आउट हो गए। इस तरह भारतीय टीम ने पहले ही ओवर में बिना कोई रन बनाए तीन महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिए। शुरुआती झटकों से भारतीय टीम उबर नहीं सकी। रुतुराज गायकवाड़ पांच रन बनाकर आउट हुए। ईशान किशन ने 53 गेंदों पर 27 रन बनाकर कुछ देर संघर्ष किया, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। अक्षर पटेल और नमन धीर ने 21-21 रन बनाए। आकिब नबी ने पांच और गुरनूर बरार ने दो रन बनाए, जबकि कुलदीप यादव एक रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह खाता खोले बिना नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 9.4 ओवर में 27 रन देकर छह विकेट हासिल किए। मैथ्यू फिशर ने तीन विकेट झटके। इस तरह भारतीय पारी 89 रन पर समाप्त हो गई और न्यूजीलैंड ने मुकाबला 244 रन से अपने नाम कर लिया।

यंग के शतक व सेफर्ट की पारी से न्यूजीलैंड का बना बड़ा स्कोर

इससे पहले भारतीय कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग और टिम सेफर्ट ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े। सेफर्ट ने 48 गेंदों पर छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। फिन एलन ने भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने 30 गेंदों पर 41 रन बनाए। वहीं, दूसरे छोर पर विल यंग ने भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना किया और शानदार शतक जड़ा। यंग ने 108 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली, जिसमें 14 चौके और चार छक्के शामिल रहे। यंग के अलावा माइकल ब्रेसवेल ने 15, कप्तान मिचेल सैंटनर ने 24 और क्रिस्टियन क्लार्क ने 22 रन बनाए। काइल जैमीसन 19 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 50 ओवर में 333 रन बनाने में सफल रही। भारत की ओर से अक्षर पटेल, गुरनूर बरार और आकिब नबी ने दो-दो विकेट हासिल किए। अर्शदीप सिंह और नमन धीर को एक-एक सफलता मिली। शानदार शतकीय पारी के लिए विल यंग को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

हमें चिंता करने की जरूरत है, क्योंकि यहां के हालात वर्ल्ड कप जैसे हैं : गौतम गंभीर



नई दिल्ली, 13 नवंबर। टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे मैच में 244 रनों से हार मिली। ये हार वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट की भारत की रनों के हिसाब से दूसरी सबसे बड़ी हार थी। भारतीय टीम 89 रनों पर ढेर हो गई थी। इसको लेकर टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर बल्लेबाजों से नाखुश हैं, क्योंकि पिछले मैच में भी 111 रन पर 7 विकेट भारत ने खो दिए थे। गंभीर ने कहा है कि ये वर्ल्ड कप जैसे हालत हैं और इस तरह का प्रदर्शन चिंता का विषय है।

गौतम गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "जब आप 90 रन के आस-पास आउट हो जाते हैं तो आप हमेशा परेशान रहते हैं। मैं क्यों परेशान नहीं होऊंगा? ये ऐसे हालात हैं जो वर्ल्ड कप के दौरान हमें मिलने वाले हालात के सबसे करीब होंगे। बड़ी चिंता रन नहीं है। बड़ी चिंता यह है कि हम कितनी जल्दी आउट हो गए, लगभग 26 या 27 ओवर में। यह हमेशा चिंता की बात होती है।"

इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करते हुए भले ही सारे विकेट खोए, लेकिन आखिरी विकेट भी आखिरी गेंद पर गिरा और स्कोर तब तक 333 मेजबानों का हो चुका था। इसके जवाब में भारतीय टीम 89 रनों पर ढेर हो गई, जिसमें मैट हेनरी ने 6 विकेट निकाले, जबकि मैथ्यू फिशर ने 3 सफलताएं अपने नाम कीं। भारत के 8 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू पाए। पहले तीन बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके। इनमें रोहित शर्मा, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर का नाम शामिल है।

भारतीय टीम इस सीरीज के दूसरे मैच में भी अच्छी स्थिति में नहीं थी। 111 रन पर 7 विकेट भारत ने गंवा दिए थे। गौतम गंभीर ने इसको लेकर कहा है कि बल्लेबाजों को तैयार रहना होगा कि गेंद मूव कर रही है या नहीं। गौतम गंभीर ने कहा, "इंटरनेशनल क्रिकेट में कोई भी ऐसी गेंद नहीं होती जिसे खेला न जा सके। मैट हेनरी ने अच्छे एरिया में गेंद डाली, लेकिन हमें उसे नकारना चाहिए। पिछले गेम में भी हमने सात विकेट गंवाए थे, यह चिंता की बात है। उन्होंने कहा, "अगर आप पहले 10 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 35 या 40 रन बना लेते हैं, तो वह भी काफी है। यहां, शायद यह सबसे मुश्किल समय है।" गंभीर ने यह भी कहा कि भारत को न्यूजीलैंड के पेसर मैट हेनरी और काइल जैमीसन की इस्तेमाल की गई लेंथ के खिलाफ और ज़्यादा डिसाइसिव होने की ज़रूरत है, खासकर उन गेंदों के खिलाफ जो बैट्समैन को आगे बढ़कर खेलने और बैकफुट पर खेलने के बीच कन्फ्यूज कर देती हैं। भारतीय कोच ने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि खिलाड़ी अगले मैच में मजबूती से उतरेंगे। यह जरूरी है कि इस हार का उन्हें दर्द महसूस हो। मेरा हमेशा मानना रहा है कि इस तरह के प्रदर्शन के बाद ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों को निराशा महसूस होनी चाहिए। अगर उन्हें इस हार का दर्द है तो वे निश्चित रूप से मजबूती से वापसी कर सकते हैं।

जापान मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे लक्ष्य, जापान के तनाका को सीधे गेमों में हराया

कुमामोटो, 13 नवंबर। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान मास्टर्स 2026 के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान के युशी तनाका को सीधे गेमों में 21-16, 21-15 से हराया। यह मुकाबला 40 मिनट तक चला। लक्ष्य ने पहले गेम में मध्यांतर तक 11-8 की बढ़त बना ली थी।

हालांकि, तनाका ने वापसी करते हुए मुकाबले को चुनौतीपूर्ण बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने सही समय पर अपना खेल तेज किया और 21-16 से पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और स्कोर 4-4 से बराबर था। इसके बाद लक्ष्य ने बढ़त बनाई और मध्यांतर तक 11-9 से आगे रहे। भारतीय



खिलाड़ी ने इसके बाद अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए 21-15 से गेम और मुकाबला जीत लिया। लक्ष्य पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में नजर आए हैं। उन्होंने पहले दौर में चीनी ताइपे के ची यू जेन को 21-19, 21-18 से हराकर अभियान की शुरुआत की थी।

इसके बाद दूसरे दौर में चीन के डोंग तियान याओ को केवल 35 मिनट में 21-8, 21-14 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में लक्ष्य का सामना अब इंडोनेशिया के एल्वी फरहान से होगा। इससे पहले शुक्रवार को भारत के किदांबी श्रीकांत पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें जापान के कोकी वतनबे ने 22-24, 15-21 से हराया।

क्वार्टर फाइनल में हारे श्रीकांत, वतनबे ने सीधे गेमों में दी मात

भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत का जापान मास्टर्स में सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। उन्हें जापान के कोकी वतनबे के खिलाफ 22-24, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबला 41 मिनट तक चला। पहला गेम बेहद रोमांचक रहा और दोनों खिलाड़ियों के बीच 20 अंकों के बाद भी कड़ा मुकाबला जारी रहा। घरेलू दर्शकों के समर्थन से खेल रहे वतनबे ने दबाव के क्षणों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 24-22 से पहला गेम अपने नाम किया।

पाक का पहला मैच हुआ ड्रॉ, श्रीलंका के खिलाफ सऊद शकील शतक से चूके

नई दिल्ली, 13 नवंबर। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। सऊद शकील लगातार दूसरे मैच में शतक से चूक गए, लेकिन उनकी 97 रन की जुझारू पारी से पाकिस्तान ने शुक्रवार को पांचवें और अंतिम दिन श्रीलंका की जीत की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए पहला टेस्ट ड्रॉ कराया। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा चक्र में यह पाकिस्तान का पहला ड्रॉ मुकाबला रहा। इससे पहले खेले गए नौ टेस्ट मैच में पाकिस्तान को सात में हार और दो में जीत मिली थी। शकील ने पाकिस्तान की नौ विकेट पर 434 रन की घोषित पहली पारी में 93 रन बनाए थे। दूसरी पारी में भी उन्होंने लगभग पूरे अंतिम दिन क्रीज पर टिककर बल्लेबाजी की। हालांकि, पांचवें दिन के अंतिम सत्र में 210 गेंदों का सामना करने के बाद लाहिरू कुमारा ने उन्हें बोल्ड कर दिया। उस समय तक पाकिस्तान ने आठ विकेट पर 284 रन बना लिए थे और उसकी कुल बढ़त 272 रन हो गई थी।

भारतीय खिलाड़ी दीप्ति ने जीता प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार, मार्का ने भी मारी बाजी



नई दिल्ली, 13 नवंबर। भारत की हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी मार्का यानसन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद अक्टूबर के लिए आईसीसी पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना गया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत के घरेलू दौरे में बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद शर्मा ने महिला पुरस्कार अर्जित किया। आईसीसी महिला चैम्पियनशिप वनडे सीरीज में, उन्होंने स्कोर किया। अपने एकमात्र बल्लेबाजी अवसर में नाबाद 106 रन बनाए और 3.42 की इकोनॉमी रेट से पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने 3-0 से क्लीनस्वीप पूरा किया।

दूसरी बार दीप्ति ने जीता अवॉर्ड - उनकी सफलता में टी20 सीरीज शामिल है, जहां उन्होंने फिर से केवल एक बार बल्लेबाजी की, 37 गेंदों पर 49 रन बनाए, जबकि अपनी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी से दो विकेट लिए। यह पुरस्कार दिसंबर 2023 में उनके पहले सम्मान के बाद, शर्मा के दूसरे आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ सम्मान का प्रतीक है। उन्हें बांग्लादेश की शोभना मोस्टरी और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड से पहले चुना गया था, जिन्होंने महिलाओं की शॉर्टलिस्ट पूरी की थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्ले और गेंद से यानसन के निर्णायक योगदान ने उन्हें आईसीसी पुरुष टेस्ट प्लेयर रैंकिंग की दो श्रेणियों में शीर्ष पर पहुंचने में मदद की, जबकि शर्मा ने भारत की जिम्बाब्वे की व्हाइट-बॉल स्वीप में कई प्रभावशाली प्रदर्शन किए।

रेलवे को हराकर राजस्थान की कंपाउंड टीम ने जीता कांस्य पदक



बीकानेर, 13 नवंबर। मेघालय के शिलांग में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजस्थान की कंपाउंड टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। पदक के लिए खेले गए मुकाबले में राजस्थान ने रेलवे की मजबूत टीम को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान की ओर से प्रद्युम्न यादव, यशवंत सैनी, राहुल मीणा और वासु यादव ने शानदार निशानेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाई। चारों खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और खेल कौशल का प्रदर्शन कर रेलवे को शिकस्त दी। राजस्थान टीम के मुख्य प्रशिक्षक अनिल जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। आगामी मार्च में आयोजित होने वाले नेशनल गेम्स के लिए राजस्थान की महिला एवं पुरुष, दोनों कंपाउंड टीमों ने क्वालीफाई कर लिया है। इससे नेशनल गेम्स में राजस्थान की पदक उम्मीदें भी मजबूत हुई हैं। राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर राजस्थान का गौरव बढ़ा रहे हैं।

डीडीसीए में नए चुनाव की मांग, 27 सदस्यों ने बीसीसीआई सचिव को लिखा पत्र

नई दिल्ली, 13 नवंबर। नवीन जिंदल और रमन सलूजा की अगुआई में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के 27 सदस्यों ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया को पत्र लिखकर राज्य क्रिकेट संघ में नए सिरे से चुनाव कराने की मांग की है। सदस्यों का कहना है कि मौजूदा अध्यक्ष रोहन जेटली शीर्ष पद पर छह साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और संविधान के अनुसार अब उन्हें अनिवार्य रूप से तीन साल के 'कूलिंग ऑफ पीरियड' (पद से अनिवार्य विराम) पर जाना होगा। जिंदल के पत्र पर डीडीसीए के 25 अन्य सदस्यों के हस्ताक्षर भी हैं जबकि सलूजा ने अलग से अपनी मांग रखी है। गौरतलब है कि बीसीसीआई अभी राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के अंतर्गत नहीं आता है और लोढ़ा समिति की सिफारिशों के आधार पर तैयार किए गए संविधान का पालन करता है। बीसीसीआई के संविधान के अनुसार, राज्य संघ या बीसीसीआई में किसी भी पदाधिकारी के छह साल पूरे होने पर उसे अनिवार्य रूप से तीन साल के 'कूलिंग ऑफ पीरियड' पर जाना होता है।

डेब्यू मैच में महली बियर्डमैन ने छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड पर दिलाई जीत

पर्थ, 13 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया के युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन ने अपने वनडे करियर का यादगार आगाज करते हुए पदार्पण मैच में छह विकेट झटके। उनकी घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में इंग्लैंड को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। पर्थ में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड की टीम 33.4 ओवर में महज 131 रन पर सिमट गई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 23.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 132 रन बनाते हुए 159 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। 21 वर्षीय बियर्डमैन ने 7.4 ओवर में 24 रन देकर छह विकेट हासिल किए। यह वनडे पदार्पण पर किसी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पाकिस्तान में बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों में खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंची इंग्लैंड की टीम को पर्थ की तेज और उछाल भरी पिच पर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। 132 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को गस एटकिंसन ने शुरुआती झटका दिया। उन्होंने ट्रैविस हेड को पहली ही गेंद पर बोल्ड कर दिया। हेड एक बार फिर गेंद को अपने विकेटों पर खींच बैठे। हालांकि, इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने इंग्लैंड के गेंदबाजों पर जवाबी हमला बोला। उन्होंने शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी की और महज 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। उनकी पारी में चार छक्के और चार चौके शामिल रहे। मार्श का विकेट जेमी ओवरटन ने लिया, लेकिन तब तक ऑस्ट्रेलिया जीत के करीब पहुंच चुका था।

आईओए ने हॉकी इंडिया को चेताया

नई दिल्ली, 13 नवंबर। भारतीय ओलंपिक संघ ने हॉकी इंडिया को जांच समिति के लिए अब तक धनराशि जारी नहीं करने पर फटकार लगाते हुए कहा कि भोलानाथ सिंह पर लगे उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए गठित समिति का काम धन की कमी के कारण रुका हुआ है और हॉकी इंडिया का यह रवैया अस्वीकार्य है। भारतीय ओलंपिक संघ ने शुक्रवार को हॉकी इंडिया को जांच समिति के लिए धनराशि जारी नहीं करने पर फटकार लगाई। आईओए ने कहा कि हॉकी इंडिया की यह अस्वीकार्य निष्क्रियता समिति के कामकाज में बाधा डाल रही है। इस समिति को हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह पर लगे उत्पीड़न के आरोपों की जांच करनी है।

राजस्थान-उत्तरप्रदेश के बीच सैयद मुश्ताक अली टी-20 मुकाबला आज

मुंबई में राजस्थान टीम ने किया अभ्यास

जयपुर, 13 नवंबर। बीसीसीआई की सीनियर सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला शनिवार को मुंबई में खेला जाएगा। मैच से पहले शुक्रवार को राजस्थान की टीम ने मुंबई में जमकर अभ्यास किया और मुकाबले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए 11 मुकाबलों में राजस्थान का पलड़ा भारी रहा है। राजस्थान ने छह मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि उत्तर प्रदेश को चार मैचों में सफलता मिली है। एक मुकाबला रद्द रहा। राजस्थान ने 2006-07 में जयपुर में खेले गए पहले मुकाबले में चार विकेट से जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2010-11 में जयपुर में 16 रन, 2014-15 में इंदौर में 16 रन, 2016-17 में जयपुर में 16 रन, 2017-18 में रायपुर में चार विकेट और 2019-20 में करियावटम में पांच विकेट से जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश के खिलाफ राजस्थान का एक पारी में सर्वाधिक स्कोर 169/7 रन रहा, जो 31 जनवरी 2017 को जयपुर में बना था। वहीं न्यूनतम स्कोर 103 रन रहा। राजस्थान की ओर से राजेश बिश्नोई ने कानपुर में नाबाद 87 रन की सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत पारी खेली। गेंदबाजी में रोहित शर्मा का 7 रन देकर 3 विकेट का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा।

अंडर-23 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में पांच टीमों की जीत

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की ओर से आयोजित अंडर-23 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में शुक्रवार को विभिन्न मैदानों पर मुकाबले खेले गए। केएल सैनी स्टेडियम में टीम एफ ने टीम जी को 35 रन से हराया। टीम एफ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174/2 रन बनाए। सचिन



लखेसर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 115 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि शोभित मिश्रा ने 50 रन बनाए। जवाब में टीम जी 139 रन पर ऑलआउट हो गई। सचिन शर्मा ने 59 और हर्षित दक ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में अभिषेक कुमार, शोभित मिश्रा और रामेश्वर लाल गायरी ने तीन-तीन विकेट लिए। इसी मैदान पर टीम आई ने टीम एच को 130 रन से हराया। टीम आई ने 233/5 रन बनाए। सुमित गोदारा ने 162 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेली। जवाब में टीम एच की टीम 103 रन पर सिमट गई। करण दवे ने 44 रन बनाए। टीम आई की ओर से दीपेंद्र, आभास और आयुष ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य ग्राउंड पर टीम जे ने टीम ई को तीन विकेट से हराया। टीम ई ने 152/6 रन बनाए। शुभम राठौर ने नाबाद 38, पुलकित गुप्ता ने 38 और अंकित ने 33 रन बनाए। जवाब में टीम जे ने 155/3 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। तोषित भाटिया ने 60, परवेज ने नाबाद 42 और मुकेश ने नाबाद 23 रन बनाए। अमन और प्रशांत ने दो-दो विकेट लिए। इसी मैदान पर टीम डी ने टीम सी को आठ विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम सी ने 180/6 रन बनाए। मोहित भगतानी ने 94 और गौरव चंदर ने 63 रन की पारियां खेलीं। जवाब में टीम डी ने 181/2 रन बनाकर जीत हासिल की। अमित भारद्वाज ने 64, जयवर्धन सिंह ने 47, जतिन ने नाबाद 36 और भावित कुमावत ने नाबाद 31 रन बनाए। यह मुकाबला पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अनंतम ग्राउंड पर खेला जाना था, लेकिन मैदान गीला होने के कारण इसे लक्ष्य ग्राउंड पर स्थानांतरित किया गया। अनंतम ग्राउंड पर टीम ए ने टीम बी को 71 रन से हराया। टीम ए ने 212/3 रन बनाए। आदित्य सैनी ने नाबाद 98 रन की शानदार पारी खेली, जबकि नावेद ने 49 और शिवांग ने 23 रन का योगदान दिया। जवाब में टीम बी 141/9 रन ही बना सकी। देवांश जैसवाल ने 44 और देवकृत शर्मा ने 34 रन बनाए। टीम ए के आयुष वर्धन ने 23 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि नावेद और राहुल ने दो-दो विकेट लिए।

अंडर-14 राज्य स्तरीय ट्रॉफी 17 से

आरसीए की ओर से राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट ट्रॉफी का आयोजन आगामी 17 से किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। वहीं अंडर-23 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के मुकाबले भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगे।